प्रेषक,

अरूण सिंह,
न्यायिक मजिस्ट्रेट,
शामली स्थित कैराना।

सेवा में,

श्रीमान महानिबंधक महोदय,
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
शामली स्थित कैराना।

**विषयः– शस्त्र लाइसेंस हेतु आवेदन करने तथा शस्त्र खरीदने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में।**

महोदय,

आदरणीय महोदय ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी जनपद न्यायालय शामली स्थित कैराना में न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत है। प्रार्थी जनपद सहारनपुर का निवासी है तथा परिवार का एक मात्र पुरुष सदस्य है, परिवार में प्रार्थी की माता व बहन है, पिता जी खत्म हो चुके हैं। अपने परिवार की देख–भाल हेतु समय–समय पर अपने गृह जनपद सहारनपुर भी जाना होता है एवं प्रार्थी का निवास शामली में ऐसे स्थान पर है जहाँ पर न्यायिक कॉलोनी नहीं है और प्रतिदिन मुख्यालय पर आना पड़ता है। कैराना स्वयं अपने आप में संवेदनशील क्षेत्र है। ऐसी दशा में सुरक्षा के दृष्टिगत शस्त्र लाइसेंस रिवाल्वर/पिस्टल के लिए आवेदन करना तथा शस्त्र खरीदना चाहता है।

अतः माननीय महोदय से करबद्ध प्रार्थना है कि मेरे उक्त आवेदन को माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के समक्ष प्रस्तुत कर शस्त्र लाइसेंस रिवाल्वर/पिस्टल के लिए आवेदन करने तथा शस्त्र खरीदने की अनुमति प्रदान कराये जाने की कृपा करें।

सादर।

दिनांक–11.11.2021

भवदीय

Arun Singh 11/11/21

अरूण सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट,
शामली।